# शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर

# स्वयंसिद्धा

**महाविद्यालय न्यूज लेटर**

कुल छात्राएं 1349

अंक – 5 दिसम्बर 2018

**संरक्षक**
डॉ. सुमन तनेजा
प्राचार्य

**संपादक**
डॉ गणेशलाल जैन
डॉ. जया शर्मा

**सह–संपादक**
डॉ. मो. सादिक, डॉ. प्रतिभा सोनी,
ब्रिजेश विश्वकर्मा

## प्राचार्य की कलम से



" सा विद्या या विमुक्तये "

शिक्षा व्यक्ति को अंधकार से प्रकाश की ओर एवं जीवन को उत्कृष्टता की ओर ले जाती है। संसार के लोगों के लिए पृथ्वी पर मनुष्य के अस्तित्व और जीवन मे संतुलन बनाए रखने के लिए शिक्षा एक बहुत ही महत्वपूर्ण यंत्र है। यह वो यंत्र है, जो सभी को जीवन मे आगे बढने और सफल होने के साथ ही जीवन में चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने की क्षमता प्रदान करती है। यह हमें अपने शरीर , मस्तिष्क और आत्मा में अच्छे संतुलन का निर्माण करने में सक्षम बनाती है। महिला परिवार की नींव होती है। आप सभी शिक्षित हों ताकि आपके अंदर निर्णय लेने का आत्मविश्वास विकसित हो। आप अपने ज्ञान , कुशलता एवं व्यक्तित्व मे विकास कर अपना भविष्य उज्जवल करने की ओर कदम बढायें।

डॉ.सुमन तनेजा
प्राचार्य

## *I.Q.A.C. द्वारा प्रवेश उत्सव 2018-19 कार्यक्रम का आयोजन*




महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव 2018–19 के अंतर्गत दो दिवसीय विद्यार्थी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें प्रथम दिवस में नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सक्सेना, प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. जया शर्मा, प्रवेश प्रभारी डॉ. जी. एल. जैन, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया एवं सभी शैक्षणिक सदस्य उपस्थित थे। छात्र संघ पदाधिकारियों ने नवीन प्रवेशित छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पेन देकर स्वागत किया तथा महाविद्यालय में संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. सुधा लाहोटी के द्वारा गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना एवं मेधावी विद्यार्थी योजना की जानकारी प्रदान की गई। एन.एस.एस. जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की जानकारी प्रदान की गई। डॉ. जी. एल. जैन द्वारा प्रवेश योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया शर्मा द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग ईमेल तथा डिजिटलाइजेशन की जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का आभार एवं धन्यवाद डॉ. अनूप सिंह द्वारा किया गया ।

## आत्म सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा संबंधी उपाय पर व्याख्यान का आयोजन

महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 23 जुलाई 2018 को छात्राओं को आत्म सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा संबंधी उपाय विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में सीहोर जिले के कोतवाली क्षेत्र की थाना प्रभारी संध्या मिश्रा ने छात्राओं को पुलिस विभाग द्वारा महिला सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित योजनाओं एवं साइबर क्राइम से बचाव से संबंधित जानकारी दी तथा सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग का तरीका बताया।

## लंबे इंतजार के बाद महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षायें शुरू

1984 में शुरू हुए कन्या महाविद्यालय सीहोर में 34 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद सत्र 2018–19 से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के अनुसार , शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में स्नातकोत्तर कक्षायें एम. कॉम. , एम. ए. समाजशास्त्र तथा एम. ए. राजनीति शास्त्र हेतु प्रारंभ की जा रही है। महाविद्यालय की छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु अब अन्य कॉलेज में नहीं जाना पड़ेगा। लंबे समय से छात्राएं महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षायें शुरू करने की माँग कर रही थी। उनका कहना था कि स्नातक कक्षाओं की पढ़ाई के बाद उच्च शिक्षा के लिए उन्हें अन्य कॉलेज के लिए रुख करना पड़ता था।

## टीवी ग्रस्त बच्चों को गोद लिया

रेड क्रॉस व राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से महाविद्यालय परिवार ने दिनांक 9 अगस्त 2018 को क्षय रोग से पीड़ित 5 बच्चों को गोद लिया तथा उन्हें प्रतिमाह 1 वर्ष तक पौष्टिक आहार प्रदान करने का संकल्प लिया।

## डॉ. जैन का मॉरीशस मे सम्मान



दिनांक 19 अगस्त 2017 को महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. गणेशलाल जैन प्राध्यापक हिन्दी साहित्य का मॉरीशस में आयोजित विश्व हिंदी सम्मेलन में उनकी साहित्य एवं भाषा के प्रति निष्ठा एवं प्रतिबद्धता तथा विश्व हिन्दी समाज मे एक उच्च मानक स्थापित करने तथा सम्मेलन में सफल भागीदारी के लिये विश्व हिन्दी साहित्य परिषद द्वारा " संस्कृति सिंधु सम्मान " से सम्मानित किया। डॉ. जैन ने अपना शोध आलेख "भारतीय संस्कारों की विश्व को आवश्यकता" शीर्षक पर प्रस्तुत किया था।

## घरेलू हिंसा एवं उसके बचाव पर व्याख्यान





महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से दिनांक 21 अगस्त 2018 को, घरेलू हिंसा एवं उसके बचाव विषय पर आयोजित व्याख्यानमाला में मुख्य वक्ता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री नागोत्र जी एवं विषय विशेषज्ञ एडवोकेट श्री शाद मोहम्मद , एडवोकेट श्रीमती बरखा शर्मा एवं एडवोकेट श्रीमती सारिका ताम्रकार ने छात्राओं को घरेलू कार्य एवं विवाह पश्चात आने वाले परिवर्तनों को समझने एवं उनका सामना करने से संबंधित व्यावहारिक व कानूनी सहायता की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया शर्मा द्वारा व आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा द्वारा किया गया तथा संपूर्ण आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया का सक्रिय योगदान रहा।





## महाविद्यालय में हुआ युवा उत्सव 2018–19 का आयोजन



महाविद्यालय में तीन दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव 2018–19 की विभिन्न विधाओं प्रश्न मंच, स्पॉट पेंटिंग, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य का उद्घाटन हुआ। 18 सितम्बर को सांस्कृतिक पक्ष में एकल नृत्य में महात्मा गाँधी कॉलेज सीहोर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं समूह नृत्य में च.शे.आ.शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की छात्रा कु. सुरभि चौरसिया ने स्पॉट पेंटिंग एवं कार्टूनिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाद–विवाद प्रतियोगिता में अंजली मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल मे विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित युवा उत्सव मे महाविद्यालय की छात्रा कु. सुरभि चौरसिया ने कार्टूनिंग मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## मातृ वंदना सप्ताह के अंतर्गत प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता का आयोजन



महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 11 सितंबर 2018 को जिला महिला बाल विकास विभाग के सहयोग से विभाग द्वारा आयोजित मातृ वंदना सप्ताह के अंतर्गत सुश्री श्वेता राय , परियोजना समन्वयक , महिला बाल विकास विभाग , सीहोर द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी छात्राओं को दी गई तत्पश्चात योजना से संबंधित प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता संपन्न कराई गई एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## महात्मा गांधी की 150वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जन्म शताब्दी मनाने के संबंध में महाविद्यालय मे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे भाषण प्रतियोगिता, भजन गायन, निबंध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, लेखन प्रतियोगिता पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किए गए तथा मद्यनिषेध सप्ताह के अंतर्गत 3 अक्टूबर 2018 से 8 अक्टूबर 2018 तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता मे शोभा लोधी ने प्रथम, पूजा मेवाड़ा ने द्वितीय व दीपाली सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में शीतल चन्द्रवंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## *स्वीप प्लान 2018 गतिविधियाँ*






- स्वीप प्लान प्रभारी श्रीमती अर्चना चौहान के मार्गदर्शन में मतदाता साक्षरता क्लब का गठन किया गया। जिसमें कु. मोनिका व्यास, कु. समन सिद्दीकी कु. शैलजा कुशवाहा को कैंपस एंबेसडर व कु. सुरभि चौहान को कैंपस आइकन बनाया गया।
- मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दिनांक 27 सितंबर 2018 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर से बाल विहार सीहोर तक रैली निकाली गई। जिसमें मतदाता जागरूकता के नारे लगाते हुए नागरिकों से मतदान करने की अपील की गई।
- सेल्फी विद कैंपेन बैनर कार्यक्रम के द्वारा नव मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया।
- दिनांक 9 अक्टूबर 2018 को शासकीय आवासीय विद्यालय सीहोर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सीहोर के द्वारा वॉल पेंटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की सुरभि चौरसिया एवं साथी व शीतल चंद्रवंशी एवं साथी ने सहभागिता की।
- प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा समूह कु. सुरभि चौरसिया को शील्ड/कप एवं प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया तथा महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा समस्त महाविद्यालयीन परिवार को मतदाता शपथ ग्रहण करवाई गई और मतदान अवश्य करने हेतु हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया गया।
- मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता एवं साइकिल रैली का आयोजन किया गया।
- दिनांक 5 अक्टूबर 2018 को "सीहोर रन" में महाविद्यालय की छात्राओं ने सहभागिता की एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु. बसकन्या को 5000 रू से पुरस्कृत किया गया।
- मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ओल्ड एज ग्रुप संकल्प एन.जी.ओ. , भूतपूर्व छात्र संगठन ने महाविद्यालय में "देर से आई समझ" शीर्षक पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।
- सांस्कृतिक हाल रवींद्र भवन में "विश्व का लोकतंत्र एवं मतदान" विषय पर आयोजित क्विज में महाविद्यालय की तीन सदस्यीय दल समन सिद्दीकी , निधि त्यागी एवं पूजा शर्मा ने सहभागिता की और प्रथम स्थान प्राप्त कर 5000 रू. का पुरस्कार प्राप्त किया।
- कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा कु. सुरभि चौरसिया को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।
- दिनांक 9 अक्टूबर 2018 को प्रोफेसर डॉ. जी. एल. जैन एवं डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्राओं को ई.वी.एम. एवं वी.वी.पैट के द्वारा मतदान करना सिखाया गया।
- मतदाता जागरूकता के महत्व को दर्शाने हेतु "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन, महाविद्यालय परिसर की भीतरी दीवारों पर मतदाता जागरूकता नारों का लेखन, मतदाता सेल्फी, मतदान हस्ताक्षर अभियान, संकल्प पत्र भरवाना, मानव श्रंखला निर्मित करना, मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा भोपाल द्वारा अनुमोदित वीडियो का प्रदर्शन आदि कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए।

## *कॅरिअर गाइडेंस कार्यशाला सह व्याख्यानमाला का आयोजन*




दिनांक 11 अक्टूबर 2018 को आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के लिए कॅरिअर गाइडेंस हेतु कार्यशाला सह–व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। जिसमें व्याख्यान एवं हैंड्स ओन प्रेक्टिस द्वारा विद्यार्थियों को एयर होस्टेस ट्रेनिंग संबंधी जानकारी फ्रैंकफिन इंस्टीट्यूट द्वारा दी गई। इसमें फ्रैंकफिन इंस्टीट्यूट भोपाल से श्री रफी खान, सेंटर सेल्स मैनेजर एवं श्री रोहन रायजादा, बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर ने विद्यार्थियों को एयर होस्टेस के जॉब्स के बारे में जानकारी दी। द्वितीय व्याख्यान में आसिफ कुरैशी एवं टीम ने विभिन्न व्यवसायिक स्थानों पर लेखांकन हेतु सॉफ्टवेयर का उपयोग प्रदर्शन एवं इस क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न रोजगार संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया।



## *भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन*




भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम की शुरुआत शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर से , दिनांक 30 अक्टूबर 2018 को की गई। आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पधारे बैंकिंग अधिकारी श्री अनुराग कुमार , क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआई होशंगाबाद, एम. ए. हक , उप महाप्रबंधक एसबीआई सीहोर, पंकज भार्गव , मुख्य प्रबंधक एसबीआई कृषि विकास शाखा ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार संबंधी समस्या निवारण हेतु प्रेरित किया तथा इसी विषय से संबंधित तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें राहुल पहाड़े, आर. ए. के. कॉलेज ने प्रथम स्थान, समन सिद्दीकी, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर ने द्वितीय स्थान एवं पवन पंसारी चंद्रशेखर आजाद शासकीय अग्रणी महाविद्यालय सीहोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



## अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन





वर्मी कंपोस्ट का प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय में 22 नवंबर 2018 से 24 दिसंबर 2018 तक अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रभारी संदीप टौडवाल ने छात्राओं को जैविक खाद बनाने की प्रक्रिया सिखायी। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत महाविद्यालय की छात्राओं को अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दिनांक 16 अगस्त 2018 से 12 सितंबर 2018 तक चले 25 दिवसीय प्रशिक्षण में 56 छात्राओं ने बेकिंग, 44 छात्राओं ने टेली एवं 65 छात्राओं ने प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी का प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही कम पानी मे अमरूद, आम तथा अन्य पदार्थों की खेती कैसे की जाती है, की जानकारी दी।इस प्रशिक्षण मे 50 छात्राएं लाभान्वित हुई।






## स्वामी विवेकानंद कॅरिअर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की गतिविधियाँ




महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कॅरिअर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिमाह व्याख्यान अंतर्गत ''पर्यटन में रोजगार के अवसर'' जिसे ए.डी.एम. जिला सीहोर श्री विनोद चतुर्वेदी जी ने संबोधित किया तथा ''पत्रकारिता में रोजगार के अवसर'' जिसे इ.टी.व्ही. संवाददाता श्री प्रदीप चौहान ने संबोधित किया'', आयोजित किया गया। व्यक्तित्व विकास समूह चर्चा स्किल इंडिया स्क्वाड एनालिसीस द्वारा प्रेजेन्टेशन, सम्प्रेषण कौशल जैसे शीर्षकों में व्याख्यान आयोजित किए गए। दिनांक 29.09. 2018 को माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा स्टार्टअप कॉनक्लेव के सीधे प्रसारण में छात्राओं की सहभागिता रही।



## क्रीड़ा विभाग की गतिविधियाँ

**सत्र 2018–19 में क्रीड़ा विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गई, जो निम्नानुसार है।**



- महाविद्यालय में 10 जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय में संभाग स्तरीय (महिला/पुरूष) टेबल–टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय की तीन छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय हेंडबॉल दल में किया गया।
- महाविद्यालय की दो छात्राओं का चयन विश्वविद्यालय फुटवॉल टीम में किया गया।
- महाविद्यालय की 01 छात्रा का चयन विश्वविद्यालय कुश्ती दल में किया गया।
- महाविद्यालय में 03 माह का आत्मरक्षा (कराते) प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय में 03 दिवसीय योग विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय की 01 छात्रा ने ओपन नेशनल कराते प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।
- महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी श्री रवि स्वरूप विरहा का चयन ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस ब्हालीवाल प्रतियोगिता हेतु म.प्र. दल में हुआ।
- महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी ने राज्य स्तरीय शिक्षक/कर्मचारी खेलकूद टेबल–टेनिस प्रतियोगिता में चेंपियन होने का गौरव प्राप्त किया।



## *राष्ट्रीय सेवा योजना गतिविधियाँ*









- दिनांक 29 जुलाई 2018 को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर वन विभाग द्वारा दीवार पर जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।
- महाविद्यालय में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत पेंटिंग, निबंध, स्लोगन, रंगोली एवं प्रश्न मंच का आयोजन किया गया तथा इसी सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यशाला में आयुक्त महिला एवं बाल विकास डॉ. अशोक कुमार भार्गव भोपाल, स्वर्णिमा शुक्ला भोपाल, सुरेश सिंह तोमर, संजय प्रताप सिंह, विशेषज्ञ डॉक्टर नीरज श्रीवास्तव ने स्तनपान के तरीके, समय, महत्व के बारे में बताया। साथ ही प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया।
- दिनांक 9 अगस्त 2018 को राष्ट्रीय सेवा योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. राजेश बकोरिया, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना सीहोर एवं डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा छात्राओं को एन.एस.एस. की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में बताते हुए इसे समाज सेवा, व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्र की सेवा का सशक्त माध्यम बताया। पूर्व छात्रा शकुंतला मीणा एवं राज्य स्तरीय शिविर में सहभागिता करने वाली कु. आरती मालवीय ने अपने अनुभव बताए।
- दिनांक 15 अगस्त 2015 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर एवं छात्रावास परिसर में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय स्टाफ के साथ–साथ छात्राओं ने भी पौधे लगाए तथा उनकी रक्षा और पालन का संकल्प लिया।
- दिनांक 28 अगस्त 2018 को क्रीड़ा विभाग परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।
- दिनांक 24 सितंबर 2018 को एन.एस.एस. स्थापना दिवस पर तथा दिनांक 2 अक्टूबर 2018 को स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- दिनांक 3 अक्टूबर 2018 को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने रैली निकालकर देश की एकता अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया एवं छात्राओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।
- दिनांक 1 नवंबर 2018 को महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा वृद्ध आश्रम के लिए कपड़े व दान स्वरूप लगभग 4000 रुपए एकत्रित कर, उन्हें वितरित किए एवं दीपावली उनके साथ मनाई।
- कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- दिनांक 1 दिसंबर 2018 को विश्व एड्स दिवस पर रैली का आयोजन किया गया, जिसमें पेंपलेट बांटे एवं रेड रिबन लगाकर जागरूकता अभियान चलाया।
- दिनांक 24 से 30 दिसंबर 2018 सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गई तथा स्वच्छता अभियान चलाकर सुशासन दिवस मनाया गया।